बरेली, शनिवार
24 दिसंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO 6 : MIDDLE

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

आल इंडिया बैडमिंटन

बैडमिंटन प्रतियोगिता में मैच के दौरान अर्जुन व अयान • जागरण

बैडमिंटन कोर्ट में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति • सौ. स्वयं

जागरण संवाददाता, बरेली: डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित डा. अखिलेश दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन क्वालीफाइंग मुकाबले खेले गए। कुछ मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हाल और कुछ मैच एसआरएमएस के बैडमिंटन कोर्ट में खेले गए।

क्वालीफाइंग मुकाबलों में पुरुष वर्ग के सिंगल और महिला वर्ग में डबल मैच हुए। मुख्य ड्रा के मैच में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। 105 मैच पुरुष वर्ग और इतने ही मैच महिला वर्ग के खेले गए। एसआरएमएस ट्रस्ट में चेयरमैन देवमूर्ति ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उधर, स्पोर्ट्स स्टेडियम में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, सीडीओ जग प्रवेश और आरएसओ जितेंद्र यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला फुटबाल संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियमानुसार विजेता टीम को पांच लाख रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा। डीएल खट्टर और बसंत चतुर्वेदी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश टंडन, संयुक्त सचिव जगदीश खंडेलवाल, गौरव भसीन, संजीव मित्तल, देवेंद्र थापा, दीपक धवन, हिमांग सिंह, एआर अंसारी, नवीन अरोड़ा, रेफरी अजय सिंह आदि मौजूद रहे।